रोहतक
गुरुवार, 28 मार्च 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 28, अंक : 60
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 36.5
न्यून. 19.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 रिकॉर्ड : आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर जीत गया हैदराबाद

**खबर संक्षेप**

### सीएम सैनी करनाल से लड़ेंगे विस उपचुनाव



**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार होंगे। भाजपा ने एक सूची जारी कर उनके नाम की घोषणा की। पिछले दिनों एक आश्चर्यजनक कदम में, भाजपा ने लोकसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले मनोहर लाल की जगह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया था। ब्यूरो

कैश-लग्जरी कार व 82.12 करोड़ की संपत्ति जब्त

# 1600 करोड़ बैंक धोखाधड़ी में चंडीगढ़ की दवा कंपनी पर छापे

पैराबोलिक ड्रग्स के खिलाफ ईडी ने की कार्रवाई
■
अंबाला, सोनीपत, दिल्ली और गुड़गांव में संपत्ति बनाई
■
फर्जी दस्तावेजों से लिया लोन, इसके बाद चुकाया नहीं

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** करीब 1626 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में चंडीगढ़ की दवा कंपनी पैराबोलिक ड्रग्स के खिलाफ ईडी ने कार्रवाई करते हुए उसकी 24 अचल संपत्तियों के अलावा कैश, लग्जरी कार, म्यूचुअल फंड, एफडीआर, बैंक बैलेंस को अटैच कर लिया है। इसकी टोटल कीमत 82.12 करोड रुपये बताई जा रही है। ईडी ने यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के तहत की है। यह अटैच की गई सारी प्रॉपर्टी बैंक धोखाधड़ी से कमाए गए पैसे से की गई है। आरोपितों ने अंबाला, सोनीपत, दिल्ली और गुड़गांव तक प्रॉपर्टी बनाई हुई है। एजेंसी ने अदालत को बताया कि कंपनी के दोनों डायरेक्टरों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक को धोखा देकर यह लोन लिया है और उसे लोन के पैसे को कही और अपनी संपत्तियों बनाने में उपयोग किया है।

**सीबीआई ने दर्ज किया था मुकदमा**

इस मामले में सबसे पहले सीबीआई की तरफ से मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने इस पर कार्रवाई शुरू की थी। इन जब्त की गई सारी संपत्तियां कंपनी के मालिक प्रणव गुप्ता, विनीत गुप्ता और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरजीत कुमार बंसल और उसके परिवार से संबंधित है। सीबीआई ने 2021 में यह मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद 2023 में ईडी की तरफ से अपनी कार्रवाई शुरू की थी। कंपनी पर 1626 करोड़ के बैंक लोन लेकर धोखाधड़ी का आरोप था।

अमरूद घोटाला पार्क में मिले फटे हुए दस्तावेज

# 22 ठिकानों पर छापे, पंजाब के एक्साइज कमिश्नर का घर खंगाला

चंडीगढ़, मोहाली और फिरोजपुर में ईडी की कार्रवाई
■
मोहाली में अमरूदों के बाग घोटाले मामले में छापेमारी
■
पटियाला में भी चली छापेमारी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब सरकार द्वारा एक्वायर की जाने वाली जमीन में फर्जी तरीके से अमरूदों के बाग दिखाकर करोड़ों की धोखाधड़ी करने के मामले की ईडी ने जांच तेज कर दी है। टीम ने बुधवार को चंडीगढ़, मोहाली और फिरोजपुर समेत 22 जगह पर दबिश दी। इस दौरान पंजाब के आईएएस वरूण रूजम के घर में भी टीम पहुंची। टीम को मौजूदा एक्साइज कमिश्नर रूजम के घर के पीछे एक पार्क में फटे हुए कुछ दस्तावेज मिले हैं। इन दस्तावेजों में अमरूद बाग घोटाले का जिक्र है। ईडी को शक है कि बचने के लिए इन्हें फाड़कर फेंका गया है। अधिकारियों ने दस्तावेज कब्जे में ले लिए हैं। पटियाला में भी ईडी की रेड चल रही है। सूत्रों के मुताबिक पटियाला में आईएएस राजेश धीमान के सीए के घर पर टीम पहुंची है। टीम यहां सात बजे सुबह पहुंच गई थी।

**अधिकारियों की पत्नियों पर भी आरोप**

वरुण की पत्नी पर भी आरोप है कि उसने करोड़ों रुपये का मुआवजा फर्जी तरीके से हासिल किया। फिरोजपुर के डीसी राजेश धीमान की पत्नी भी केस में आरोपित हैं। ईडी कारोबारियों, प्रॉपर्टी डीलरों और अन्य लोगों के घर पहुंची है। ईडी ने गमाडा से सारा रिकॉर्ड कब्जे में ले लिया। बता दें कि चंडीगढ़ के सेक्टर 20 स्थित पंजाब सरकार के एक्साइज कमिश्नर आईएएस अधिकारी वरुण रूजम के घर सुबह ही ईडी की टीम पहुंची थी।

# हाईकोर्ट से झटका, अभी ईडी के रिमांड पर रहेंगे केजरीवाल

## दिल्ली शराब घोटाला : सीएम पद से हटाने की अर्जी पर सुनवाई आज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाले में बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। होईकोर्ट ने गिरफ्तारी और रिमांड से राहत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर 2 अप्रैल तक जवाब मांगा है। इस मामले में अब 3 अप्रैल को सुनवाई होगी। इस तरह अभी केजारीवाल को ईडी की हिरासत में ही रहना होगा। उधर, 28 मार्च को केजरीवाल की रिमांड अवधि खत्म हो रही है। इस मामले में गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई होगी। इसके अलावा केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर भी गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट के एसीजे मनमोहन की डिवीजनल बेंच में सुनवाई होगी। केजरीवाल ने 23 मार्च को अपनी गिरफ्तारी और राउज एवेन्यू कोर्ट के रिमांड के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए फौरन सुनवाई की मांग की थी। बुधवार को जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने दलीलें रखीं।

**हाईकोर्ट ने ईडी से 2 अप्रैल तक जवाब मांगा अब मामले की अगली सुनवाई 3 अप्रैल को**



**यह बोले एएसजी**

एएसजी राजू ने कहा कि हम डिटेल में जवाब फाइल करना चाहते हैं। मुख्य केस में हमें 3 हफ्ते दिए गए थे। इस मामले में भी हमें अपना जवाब दाखिल करने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए।

**सिंघवी का जवाब**

केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह देर करने के हथकंडे हैं। हम हाईकोर्ट से अपील करते हैं कि इस पर अभी फैसला किया जाए। आप इसे स्वीकार करें या फिर मना कर दें।

### दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी: एलजी

दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार जेल से नहीं चलाई जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आप के नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। आप नेताओं ने जोर देकर कहा कि वह जेल के अंदर से अपनी सरकार चलाएंगे। इस पर उपराज्यपाल ने कहा, "मैं दिल्ली के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि सरकार जेल से नहीं चलेगी।'

### केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी को लेकर अमेरिकी राजनयिक तलब

अमेरिका ने कहा–मामले की निष्पक्ष जांच की जाए
■
भारत का जवाब–हमारी न्यायपालिका पर सवाल न उठाएं

भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर बुधवार को अमेरिका की एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में तलब किया। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा था कि वाशिंगटन केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी व समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया के लिए प्रोत्साहित करता है। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, 'भारत में कानूनी कार्रवाई पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान गलत है। कूटनीति में उम्मीद की जाती है कि देश एक-दूसरे के आंतरिक मसलों और संप्रभुता का सम्मान करेंगे।मित्र लोकतंत्रों के मामले में यह जिम्मेदारी और भी अधिक है। अन्यथा यह हानिकारक मिसाल कायम कर सकता है। भारत की कानूनी प्रक्रियाएं स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित हैं जो उद्देश्यपूर्ण और समयबद्ध परिणामों के लिए प्रतिबद्ध है।"

भाजपा ने 13 राज्यों के लिए जारी की प्रभारियों व सह-प्रभारियों की सूची

### कै. अभिमन्यु असम प्रभारी व भाटिया यूपी में सह-प्रभारी बने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने बुधवार देर रात 13 राज्यों में चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारियों की नियुक्ति की। भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा ने सूची जारी की। इनमें हरियाणा से भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को असम का प्रभारी बनाया है, जबकि सांसद संजय भाटिया को यूपी का सह प्रभारी नियुक्त किया है।

**ये प्रभारी**

| | |
|---|---|
| कै. अभिमन्यु | असम |
| नितिन नवीन | छत्तीसगढ़ |
| ओपी धनखड़ | दिल्ली |
| दिनेश शर्मा | महाराष्ट्र |
| एम चुबा आओ | मेघालय |
| अजित गोपछड़े | मणिपुर |
| देवेश कुमार | मिजोरम |
| नलीन कोहली | नगालैंड |
| अजय पाटिल | तेलंगाना |
| अविनाश राय | त्रिपुरा |

**सह-प्रभारी**

| | |
|---|---|
| रघुनाथ कुलकर्णी | अंडेमान |
| अलका गुर्जर | दिल्ली |
| नलिन कुमार | केरल |
| निर्मल सुराणा | महाराष्ट्र |
| जयभान पवैया | महाराष्ट्र |
| संजीव चौरसिया | यूपी |
| रमेश बिधूड़ी | यूपी |
| संजय भाटिया | यूपी |

*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जारी की सूची*

# नूंहः बेटियों की शादी के नाम पर 3,000 करोड़ की ठगी!

- 20 से 30,000 लोगों के साथ घोखाधड़ी
- एसपी से मिले पीड़ित परिवार, मांगा न्याय
- बेटियों की शादी के लिए जमा करवाए थे पैसे
- आरोपित रकम लेकर फरार, कई विदेश भागे

**नूंह।** हरियाणा और राजस्थान के करीब 20 से 30,000 परिवारों से बेटियों की शादी के नाम पर पैसे जमा करवाकर भोले-भाले लोगों से करीब 3,000 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपितों के दो से तीन गिरोह क्षेत्र में सक्रिय हैं। ये गिरोह के सदस्यों क्षेत्र में एक योजना शुरू की, जिसके तहत बेटियों की शादी के लिए पैसे जमा करवाने को कहा गया और बदले में दोगुना पैसे का दहेज में सामान देने की बात कही गई। कुछ दिनों तक तो सब ठीक चला आरोपितों ने कई शादियों में जमा के डबल रुपये का दहेज भी दिया। इसके बाद इस योजना का हरियाणा-राजस्थान में जमकर प्रचार किया गया। लोग इन ठगों के झांसे में आते चले गए। जब इनके पास मोटी रकम आ गई तो ये चलते बने गिरोह के कुछ सदस्य तो विदेश भाग गए। लोगों का कहना है कि आरोपितों ने दोनों राज्यों में करीब 3000 करोड़ रुपये का घोटाला किया है।

**दोषियों को कड़ी सजा दी जाए**

बुधवार को पीड़ित लोगों ने कांग्रेस नेता हिदायत खान के साथ लघु सचिवालय नूंह पहुंचकर एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कहा कि राजस्थान व हरियाणा में ऐसे कई गिरोह चल रहे हैं। बडकली चौक, महूं तथा राजस्थान के कई इलाकों में यह गिरोह लोगों को ठग रहा है। वहीं, पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारनिया ने भरोसा दिलाया है की स्पेशल टीम बनाकर इस मामले की जांच की जाएगी और दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।




### कविता की तिहाड़ जेल में कटी पहली रात



**नई दिल्ली(भाषा)।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता को तिहाड़ जेल में पहली रात में जेल का खाना परोसा गया। सूत्रों के अनुसार, कविता ने अपनी पहली रात महिलाओं के लिए निर्धारित-जेल नंबर छह में दो अन्य महिला कैदियों के साथ बिताई।

### महाराष्ट्र एटीएस चीफ सदानंद दाते होंगे एनआईए के नए डीजी



एस सुरेश को एसपीजी का एडीजी बनाया

पीयूष आनंद को एनडीआरएफ की कमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए), नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ), स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) और पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ब्यूरो (बीपीआरडी) के अहम पदों पर नई नियुक्तियों के आदेश दिए हैं। महाराष्ट्र एंटी टेररिजम स्क्वॉड के चीफ सदानंद वसंत दाते को एनआईए, केरल कैडर के आईपीएस एस सुरेश को एसपीजी का एडीजी, उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस ऑफिसर पीयूष आनंद को एनडीआरएफ और राजस्थान कैडर के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार शर्मा को बीपीआरडी का जिम्मा दिया गया है।



## खबर संक्षेप

### एचटी लाइन की चपेट में आने से मोर की मौत

**कनीना।** गांव मुंडिया खेड़ा में बिजली की एचटी तारों की चपेट में आने से मोर की मौत हो गई। जिसे लेकर ग्रामीणों ने रोष जताया है। इस बारे में रणजीत सिंह, बाबूलाल ने बताया कि बिजली निगम की ओर से एल्यूमीनियम की नंगी तारें लगाई गई हैं, जिनमें 11 हजार वोल्टेज करंट लगातार दौड़ता रहता है। बिजली की इन लाइनों की चपेट में आने से इससे पूर्व भी अनेक मोर काल का ग्रास बन चुके हैं।



### नहर में नहाने गए छात्र की डूबने से मौत

**सिरसा।** बरूवाली नहर में नहाने के दौरान डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान 21 वर्षीय विक्रम कुमार पुत्र छेठूराम निवासी देवसरिया उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। जो चौ. देवीलाल पोलिटेक्नीक कॉलेज नाथूसरी चोपटा में पढ़ता था। परिजनों के सिरसा पहुंचने के बाद ही पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

### 42 लाख की ठगी करने पर कबूतरबाज गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर 42 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में कैथल से एक कबूतरबाज को काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सीवन निवासी दविंद्र सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया है। शिकायतकर्ता का आरोप था कि आरोपित एजेंटों ने उसके भाई का माफिया को बेच दिया था।

### सिगनल फेल कर ट्रेन में लूट करने पर गिरफ्तार

**जींद।** आरपीएफ टीम ने रेलवे सिगनल को फेल कर रेलगाड़ी में लूट करने व यात्रियों को परेशान करने पर एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। आरपीएफ प्रभारी ओपी रावत के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे सिग्नल को फेल कर रेल गाड़ी में लुट कर यात्रियों को परेशान करने व रेल यातायात को प्रभावित करने के मामले में टोहाना फतेहाबाद निवासी सोनी उर्फ सनी को गिरफ्तार किया है।

### हत्या करने वाले को उम्र कैद की सजा

**कैथल।** सेशन जज ऋतु वाईके बहल की अदालत ने हत्या के दोषी को उम्र कैद और 25000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 2 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जुर्माना मिलने पर यह राशि मृतक के परिजनों को देने के आदेश दिए गए हैं। इस बारे में अमन कुमार निवासी पूंडरी ने थाना पूंडरी में 2022 को मुकदमा नंबर 610 दर्ज करवाया था।

---

द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इंजीनियरिंग विषय श्रेणी में मिला स्थान

# गुजवि बना विश्व स्तर में 801-1000 रैंक प्राप्त करने वाला हरियाणा राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और गौरवपूर्ण रैंकिंग मिली है। अब विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग विषय श्रेणी में भारत में 43वें स्थान पर और विश्व में 801-1000वें स्थान पर रखा गया है। टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 द्वारा यह रैंकिंग जारी की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बुधवार को बताया कि प्रतिष्ठित द टाइम्स हायर एजुकेशन इंजीनियरिंग विषय श्रेणी रैंकिंग 2024 के लिए विश्व भर से कुल 1374 विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षा संस्थानों को शामिल किया गया था।

#### देश के 76 उच्च शिक्षा संस्थानों को रैंक मिला

भारत के 76 उच्च शिक्षा संस्थानों को रैंक दिया गया है। गुजवि इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाला हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलूरू इस रैंकिंग में भारत में शीर्ष तथा विश्व में 101-125वें स्थान पर है। इस वर्ष इंजीनियरिंग के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थान हार्वर्ड विश्वविद्यालय और स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय बने रहेंगे। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने बताया कि यह रैंकिंग अनुसंधान गुणवत्ता, उद्योग, अंतर्राष्ट्रीय आउटलुक, अनुसंधान पर्यावरण एवं शिक्षण सहित पांच क्षेत्रों में समूहीकृत पांच प्रमुख मापदंडों पर आधारित थी। विश्वविद्यालय को 23.6-28.4 के कुल स्कोर के साथ भारत के 21 अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ 43वें स्थान पर रखा गया है।



कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई

#### तेजी से प्रगति कर रहा विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय ने अनुसंधान गुणवत्ता में 57.2, उद्योग में 17.4, अंतरराष्ट्रीय आउटलुक में 20.5, अनुसंधान पर्यावरण में 8.7 व शिक्षण में 9.3 अंक प्राप्त किये हैं। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने 'इंजीनियरिंग' विषय श्रेणी रैंकिंग-2024 में अंतरराष्ट्रीय मंच पर विश्वविद्यालय की शानदार रैंकिंग के लिए पूरे विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय तेजी से प्रगति कर रहा है। 21.16 के औसत पेपर साइटेशन के साथ विश्वविद्यालय का एच-इंडेक्स बढ़कर 121 हो गया है। विश्वविद्यालय को यूजीसी द्वारा श्रेणी-2 में ग्रेडेड स्वायत्तता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.विनोद छोकर ने भी विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित इस रैंकिंग में विश्वविद्यालय परिवार के शानदार प्रयासों के लिए विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को बधाई दी।

---

### हकेंवि में स्नातक पाठ्यक्रम में 31 मार्च तक करें ऑनलाइन आवेदन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में 27 फरवरी से आरंभ हुई दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) यूजी 2024 के अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रमों आवेदन की अंतिम तिथि 26 मार्च से बढ़ाकर अब 31 मार्च कर दी गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अध्ययन का अवसर उपलब्ध करा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ विषय की व्यावहारिक समझ और उससे जुड़े कौशल से भी अवगत कराया जाता है। यहां बता दें कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।



---

टेलीग्राम टास्क के चक्कर में न पड़ें, इंस्टाग्राम पर अनजान से रहे सावधान: एडीजीपी

# सोशल मीडिया के माध्यम से करते थे फ्रॉड छह अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरफ्तार

■ साइबर ठग, फ्रॉड करने के बाद, ठगी की रकम को अन्य फर्जी खातों में भेज रहे थे और वहां से कैश निकलवा लेते थे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के नोडल साइबर थाने ने अलग-अलग मामलों की जांच करते हुए 6 लोगों को साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है। ठगी करने वाले आरोपी अक्सर अलग अलग तरीकों का इस्तेमाल करते हुए ठगी कर रहे थे। जांच में सामने आया कि साइबर ठग, ठगी करने के बाद, ठगी की रकम को अन्य फर्जी खातों में भेज रहे थे और वहां से कैश निकलवा रहे थे। नोडल साइबर थाने, पंचकूला ने कार्रवाई करते हुए 4 साइबर ठगों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है वहीं अन्य दो आरोपियों में से एक आरोपी को मेवात व एक आरोपी को जींद से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि



ठग सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाकर लोगों को अलग अलग तरीके से लालच दे रहे थे और ब्लैकमेल कर रहे थे। जब इनकी शिकायत साइबर नोडल थाने में पहुंची तो पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है और संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

#### शिकायतों पर साइबर नोडल थाने के अधिकारी तुरन्त करते हैं कार्रवाई

एसपी साइबर क्राइम अमित दहिया ने बताया कि उक्त दोनों शिकायतों पर साइबर नोडल थाने ने तुरंत कार्रवाई करते हुए राजस्थान से 4 साइबर ठगों को, एक को मेवात से व अन्य एक को जींद से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

#### साइबर हेल्पलाइन 1930 पर करें शिकायत



ओपी सिंह
एडीजीपी साइबर

प्रदेश में साइबर की कमान संभाल रहे एडीजीपी साइबर ओपी सिंह, आईपीएस ने बताया कि आम जनता को साइबर ठगी के नए नए तरीकों के बारे में जागरूक होने की ज़रूरत है। वहीं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर हरियाणा पुलिस की टीम 24 घंटे कार्यरत है। यदि लोग साइबर ठगी को समझ लेते है तो इस प्रकार के अपराध से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। लेकिन फिर भी अगर पीड़ित ठगी का शिकार हो जाते है तो तुरंत अपनी शिकायत जल्द से जल्द साइबर हेल्पलाइन नंबर -1930 पर दें। साइबर ठग अक्सर सोशल मिडिया पर अकाउंट बनाकर ठगी को अंजाम दे रहे है। कभी टेलीग्राम पर टास्क करने पर पैसे देने का लालच देते है तो कभी इंटरनेट पर फौजी बनकर कम रेट पर बाइक या गाडी बेचने का लालच देते है। इसके अलावा फौजी बनकर नौकरी के प्रलोभन से भी सावधान रहने की ज़रूरत है। प्रदेश पुलिस द्वारा हर महीने के प्रथम बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। इसके अलावा भी प्रदेश पुलिस इंस्टाग्राम व सोशल मिडिया प्लेटफार्म एक्स पर जागरूकता की वीडियो बना रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में प्रतिदिन ठगी से पीड़ितों की रोजाना 1500 से अधिक कॉल आ रही है, जिसपर तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

#### कभी फेक वीडियो बनाकर तो कभी फौजी बनकर कर रहे थे ठगी

प्रवक्ता ने बताया कि राजस्थान से गिरफ्तार साइबर ठग कभी अश्लील वीडियो बनाकर तो कभी खुद को फौजी बताकर ठगी करते है। साइबर नोडल थाने को पंचकूला निवासी पीड़ति ने शिकायत देते हुए बताया था कि उसके पास कॉल आई जिसमें ठग ने खुद को आर्मी अफसर बताया और आर्मी कैंट में योग शिक्षक के तौर पर नौकरी ज्वाइन करने को कहा। साइबर ठग ने एडवांस पेमेंट देने के बहाने गूगल पे आईडी लेकर पीड़ति के साथ 1,99,996 रूपए की ठगी की। जब पीड़ति के खाते में रूपए आने के बजाए, खाते से निकल गए, तब पीड़ति को ठगी का एहसास हुआ। शिकायत मिलने पर साइबर नोडल थाने ने तुरंत शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मेवात से साइबर ठग को गिरफ्तार किया। वहीं एक अन्य शिकायत में पंचकूला निवासी पीड़ति ने शिकायत दी कि उसके दोस्त के बेटे के साथ अश्लील वीडियो बनाकर और ब्लैकमेल कर 51000 रूपए की ठगी की गई है । एक अन्य शिकायत में इंस्टाग्राम आईडी बनाकर बाइक बेचने और कुरियर करने के लिए पीड़ति को बातों में उलझा कर उससे तक़रीबन 90000 रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया।

---

अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन बार पलटी कार

### राज्यसभा सदस्य के भाई सड़क हादसे में घायल

**पानीपत।** पानीपत में मंगलवार शाम राज्यसभा सांसद और पूर्व मंत्री कृष्ण लाल पंवार के भाई रोहतास पंवार हादसे में घायल हो गए। गन्नौर से समालखा के बीच उनकी क्रेटा गाड़ी की किसी वाहन के साथ टक्कर हो गई। इसके बाद गाड़ी ने तीन बार पलटी खाई। राहगीरों और पुलिस की मदद से रोहतास पंवार को किसी तरह गाड़ी से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनको कई जगह चोटें लगी हैं।




पंवार सोनीपत में हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डिपार्टमेंट कॉर्पोरेशन में कार्यरत हैं। मंगलवार शाम को वह रोजाना की तरह ड्यूटी खत्म कर अपनी क्रेटा गाड़ी से पानीपत के मतलौडा स्थित घर लौट रहे थे। वह कार खुद ड्राइवर कर रहे थे।

### 4 से 6 अप्रैल तक संचालित होंगी सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी के रद विषयों की परीक्षाएं

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय परीक्षा फरवरी व मार्च.2024 में परीक्षा की पवित्रता भंग होने के कारण कुछेक परीक्षा केंद्रों की रद्द हुई विषयों की पुनरू परीक्षाओं का संचालन 04, 05 व 06 अप्रैल, 2024 को जिला मुख्यालयों पर करवाया जा रहा है। ज्ञात रहे कि शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी, 2024 से आरम्भ हुई थी। ये परीक्षाएं 02 अप्रैल, 2024 तक संचालित होंगी। सेकेंडरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय परीक्षा में रद हुए विषयों हिन्दी, उर्दू, शारीरिक शिक्षा,अंग्रेजी, विज्ञान, संस्कृत व सामाजिक विज्ञान की पुनः परीक्षाओं का संचालन 04 अप्रैल, 2024 को सम्बन्धित जिला मुख्यालयों पर करवाया जाएगा।

#### सीनियर सेकेंडरी गणित विषय की परीक्षा में नकल के 29 मामले दर्ज किए

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय गणित विषय की परीक्षा आज प्रदेशभर में सुव्यवस्थित व शान्तिपूर्वक संचालित हुई। कुछ परीक्षा केन्द्रों पर नकल के कुल 29 मामले दर्ज किए गए।

---

#### बिप्लब देब ने लोस के लिए भरा पर्चा



### अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियमितीकरण की पॉलिसी बनाए: हुकटा

**चंडीगढ़।** हरियाणा यूनिवर्सिटी कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स संघ,हरियाणा (हुकटा) सांसदों, विधायकों व अन्य मंत्रिमंडल के सदस्यों को नियमितीकरण की पॉलिसी बनाकर रोजगार सुरक्षित करने के लिए पत्राचार और सबसे मिलकर रोजगार सुरक्षित करने की मांग लंबे समय से कर संघर्ष कर रहा है। अब सभी यूनिवर्सिटीज में असिस्टेंट प्रोफेसर की स्थायी भर्ती की प्रक्रिया जोरों शोरों पर होने से सभी पहले से कार्यरत अनुबंध शिक्षकों पर छंटनी की तलवार लटक रही है। सरकार ने हाल ही में 5 से 7 साल के अनुबंध कर्मचारियों की सूचना नियमित करने के लिए मांग की है।

### हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग को मिला 'ऑटो अपील सॉफ्टवेयर' के कॉपीराइट का अधिकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने मील का पत्थर स्थापित करते हुए 'ऑटो अपील सॉफ्टवेयर' (आस) के लिए कॉपीराइट के अधिकार को हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के पास अब ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के सभी अधिकार है। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि को हासिल करने में आयोग के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता का अहम योगदान रहा है क्योंकि उनके प्रयासों से यह अधिकार मिला है।

### सरकार के निर्देशों पर किया सारा काम: मेहता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रही रंजीता मेहता ने पद से हटाए जाने के बाद में दावा किया कि अपने कार्यकाल में सारा काम पारदर्शी तरीके से किया है। सरकार के निर्देशों पर ही कदम उठाए गए हैं। भर्तियों, कर्मियों को नियमित करने, टेंडर करने जैसे मामलों को लेकर कई तरह की अफवाह फैलाई जा रही हैं। एक लिखित बयान में रंजीता मेहता ने दावा किया कि सरकार द्वारा उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, उसको निभाने का काम करेंगी। पूरे मामले में पूर्व सीएम मनोहरलाल को अपना पक्ष रखने की तैयारी में जुटी रंजीता मेहता का कहना है कि उनके आशीर्वाद से ही नियुक्त किया गया था। उनके सामने ही बात रखी जाएगी क्योंकि कुछ लोग अफवाह फैलाकर सियासी साजिश कर रहे हैं जबकि मैने, निष्पक्ष ईमानदारी से काम किया है। यहां पर बता दें कि हरियाणा बाल कल्याण परिषद महासचिव पद से एक दिन पहले ही रंजीता मेहता की छुट्टी कर दी गई है।

---

चुनौती बरकरार: दो बार रणबीर हुड्डा, चार बार भूपेंद्र हुड्डा और तीन बार लोकसभा चुनाव जीत चुके दीपेंद्र हुड्डा

# रोहतक से कांग्रेस की 11 जीत में 9 बार चेहरा रहा हुड्डा परिवार

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़

देश आजाद होने के बाद रोहतक लोकसभा सीट पर 18 बार चुनाव हो चुके हैं। इन चुनावों में सर्वाधिक 11 बार कांग्रेस, 4 बार लोकदल अथवा जनता दल और 3 बार जनसंघ अथवा भाजपा जीतने में सफल रही। कांग्रेस के रोहतक लोकसभा सीट पर वर्चस्व का श्रेय हुड्डा परिवार को जाता है। इस परिवार की तीन पीढ़ियां 8 बार यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची हैं। वर्ष 1952 व 1957 में रणबीर हुड्डा, वर्ष 1991, 1996, 1998 व 2004 में भूपेंद्र हुड्डा और वर्ष 2005, 2009 व 2014 में दीपेंद्र हुड्डा यहां से जीत हासिल कर चुके हैं। जी हां, कभी हरियाणा की राजनीतिक राजधानी तो कभी जाटलैंड के नाम से विख्यात रोहतक लोकसभा सीट इस बार भी चर्चा में है। हुड्डा परिवार के इस सियासी गढ़ में एक बार फिर उन्हें निवर्तमान सांसद डॉ. अरविंद शर्मा से कड़ी चुनौती मिल रही है। इस लोकसभा क्षेत्र से हुड्डा परिवार ने 11 बार चुनाव लड़ा है और 9 बार जीत हासिल की है। वर्ष 1999 में भूपेंद्र हुड्डा और वर्ष 2019 में दीपेंद्र हुड्डा को यहां से हार का मुंह देखना पड़ा था, जबकि रणबीर हुड्डा अजेय रहे थे। एक तरफ जहां कांग्रेस की तरफ से अभी टिकट की औपचारिक घोषणा होना शेष है। वहीं दूसरी तरफ अरविंद शर्मा अपने प्रचार में जुट चुके हैं। यह लोकसभा चुनाव हुड्डा परिवार के लिए अस्तित्व की लड़ाई भी माना जा रहा है। यही कारण है कि दीपेंद्र इस बार अपनी 'विरासत' बचाने को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। हालांकि 25 मई को होने वाली उनकी परीक्षा का परिणाम 4 जून को ही सामने आ पाएगा।



रणबीर हुड्डा | भूपेंद्र हुड्डा | दीपेंद्र हुड्डा

#### दोनों बार जीते रणबीर हुड्डा

वर्ष 1952 में कांग्रेस के रणबीर हुड्डा ने जमींदार पार्टी के हरिराम को 26 हजार 372 वोटों से हराया था। वर्ष 1957 में कांग्रेस के रणबीर हुड्डा ने निर्दलीय धजा राम को 26 हजार 615 मतों से परास्त किया। भारतीय जनसंघ के रामचंद को 46 हजार 144 वोट मिली थी। वर्ष 1962 में जनसंघ के लहरी सिंह ने कांग्रेस के रणधीर सिंह को 20 हजार 107 वोटों से हराया था। वर्ष 1967 में कांग्रेस के रणधीर सिंह ने भारतीय जनसंघ के रामसरूप को 55 हजार 596 वोटों से हराया था। वर्ष 1971 में भारतीय जनसंघ के मुख्तयार सिंह मलिक ने कांग्रेस के रणधीर सिंह को 4671 मतों से परास्त किया था।

#### हरद्वारी लाल और देवीलाल

वर्ष 1977 में भारतीय लोकदल के शेर सिंह ने कांग्रेस के मनफूल सिंह को 2 लाख 59 हजार 645 वोटों से हराया। वर्ष 1980 में जनता पार्टी सेक्युलर के स्वामी इंद्रवेश ने जनता पार्टी के शेर सिंह को 1 लाख 21 हजार 440 मतों से हराया, जबकि कांग्रेस के चांदराम तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 1984 में कांग्रेस के हरद्वारी लाल ने लोकदल के सरूप सिंह को 30 हजार 931 वोटों से हराया था, जबकि भाजपा के हुकम चंद गोयल को महज 22 हजार 207 वोट ही मिल पाए। वर्ष 1989 में जनता दल के देवीलाल ने कांग्रेस के हरद्वारी लाल को 1 लाख 89 हजार 5 वोटों के अंतर से हराया था।

#### भूपेंद्र की देवीलाल पर हैट्रिक

वर्ष 1991 में कांग्रेस के भूपेंद्र हुड्डा ने जनता दल के देवीलाल को 30 हजार 573 वोटों से परास्त किया, वहीं हरियाणा विकास पार्टी के इंद्र सिंह को 43804 तथा भाजपा के राजकुमार को 23802 वोटों से ही संतोष करना पड़ा। वर्ष 1996 में कांग्रेस के भूपेंद्र हुड्डा ने समता पार्टी के देवीलाल को 2664 वोटों से हराया। इस बार भाजपा के प्रदीप कुमार भी एक लाख 58 हजार 376 लेने में कामयाब रहे तथा निर्दलीय रमेश दलाल को 11439 वोट मिले थे। वर्ष 1998 में हुए कांटे के मुकाबले में कांग्रेस के भूपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा लोकदल के देवीलाल को 383 वोटों के मामूली अंतर से हराते हुए जीत की हैट्रिक बनाई। भाजपा के स्वामी इंद्रवेश को भी एक लाख 30 हजार 895 वोट प्राप्त हुई।

#### जब इंद्र ने भूपेंद्र को हराया

वर्ष 1999 में इनेलो-भाजपा के कैप्टन इंद्र सिंह ने 1 लाख 44 हजार 693 वोटों से हरा दिया। जबकि निर्दलीय अरविंद शर्मा को 27 हजार 265 वोट ही मिल पाई थी। वर्ष 2004 में कांग्रेस के भूपेंद्र हुड्डा ने भाजपा के कैप्टन अभिमन्यु को एक लाख 50 हजार 435 वोटों से हराया। इनेलो के भीम सिंह को एक लाख 5 हजार 640 वोट ही प्राप्त हुई।

#### उपचुनाव में दीपेंद्र जीते

भूपेंद्र हुड्डा के सीएम बनने के बाद दिए गए इस्तीफे के कारण वर्ष 2005 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा ने भाजपा के कैप्टन अभिमन्यु को 2 लाख 31 हजार 958 वोटों से हराया। इनेलो के बलवान सुहाग को 41 हजार 726 वोट ही प्राप्त हुई। वर्ष 2009 में कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा ने इनेलो-भाजपा के नफे सिंह राठी को 4 लाख 45 हजार 736 वोटों से हराया। बसपा के राजकुमार को 68 हजार 210 तथा हजकां के कृष्णमूर्ति हुड्डा को 20 हजार 472 वोट ही मिली थी।

#### 2014 में जीत-2019 में हार

वर्ष 2014 में कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा ने भाजपा के ओमप्रकाश धनखड़ को एक लाख 70 हजार 627 वोटों से हराया था। हालांकि इनेलो के शमशेर खरखड़ा भी एक लाख 51 हजार 120 तथा आप के नवीन जयहिंद को 46 हजार 759 वोट प्राप्त हुई थी। वर्ष 2019 में भाजपा के डॉ. अरविंद शर्मा ने कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा को 7 हजार 503 वोटों से हरा दिया था। बसपा के किशन लाल पांचाल 38 हजार 364 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। जजपा के प्रदीप देशवाल को 21 हजार 211 तथा इनेलो के धर्मबीर फौजी को महज 7158 वोट मिली थी।



